भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक की मजबूत दावेदार है और इसके लिए जापान में निरंतर प्रदर्शन तथा अधिक से अधिक बर्डी के मौके बनाना अहम होगा। – प्रणवी उर्स

भारतीय गोल्फर, भारतीय महिला टीम की एशियाई खेलों में दावेदारी को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



दिव्यांशी चौधरी

चिकित्सकीय आधार पर एशियाई खेलों की टीम से बाहर की गई वुशु खिलाड़ी दिव्यांशी चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रीय महासंघ पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि जापान में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए डॉक्टर की मंजूरी मिलने के बावजूद उनकी जगह दूसरी खिलाड़ी को शामिल कर लिया गया। खेल मंत्रालय द्वारा 22 अगस्त को जारी सूची में दिव्यांशी को आइची-नागोया एशियाई खेलों के लिए सात सदस्यीय वुशु टीम में शामिल किया गया था। दिव्यांशी ने कहा, ''मैं वास्तव में बहुत परेशान हो चुकी हूं।

क्या आप जानते हैं ?... सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : हांग्झौ एशियन गेम्स 2023 में भारत ने पहली बार 100 का आंकड़ा पार करते हुए 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीते थे।

जदरान बने अफगानिस्तान के नए ट्वंटी-20 कप्तान

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। अफगानिस्तान के नवनियुक्त टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान इब्राहिम जदरान ने कहा कि वह उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को

अच्छी तरह संभालने की कोशिश कर रहे हैं और दबाव की स्थिति में सही फैसले लेना सीख रहे हैं। पहले राशिद खान के उपकप्तान रहे जदरान ने कहा कि तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में नयी भूमिका में उनकी और राशिद की बातचीत और समझ उनकी मदद करेगी। सीरीज रविवार से यहां शुरू होगी। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी है। एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में मैं इसका आनंद लेने, जिम्मेदारी उठाने और दबाव की परिस्थितियों में सही फैसले लेने की कोशिश कर रहा हूं। '' उन्होंने तनावपूर्ण पलों के दौरान खुद को और अपने साथियों को संभालने की चुनौती पर भी बात की। जदरान का मानना है कि अफगानिस्तान का भारत में खेलने का अनुभव श्रेयस अय्यर और उनकी टीम के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में मदद करेगा। इस अनुभव में विश्व कप के मुकाबले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''हम परिस्थितियों को अच्छी तरह जानते हैं। हमें बस स्थिति के अनुसार अपनी योजना को सही तरीके से लागू करना है। '' अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा कि टीम नतीजे के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, ''हम बस अपना शत प्रतिशत देने और प्रक्रिया पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे।

इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में पाक को आठ विकेट से हराया

बर्मिंघम, 12 सितंबर। जो रूट की नाबाद 62 रन की कप्तानी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने एजबेस्टन में शनिवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने उतार-चढ़ाव भरे एजबेस्टन टेस्ट का शानदार अंदाज में अंत किया। इस मैच में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 133 रनों पर सिमट गई थी, जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 453 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 320 रनों की बढ़त हासिल की। पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 449 रन बनाए। सीरीज में क्लीन स्वीप के लिए इंग्लैंड के सामने 130 रन का लक्ष्य था। हालांकि, चौथे दिन की सुबह शनिवार को मोहम्मद अब्बास ने पहले ही ओवर में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को शून्य पर आउट कर टीम को परेशानी में डाल दिया। इसके बाद रूट और जॉर्डन कॉक्स ने मोर्चा संभाला और नाबाद 128 रन की साझेदारी कर टीम को आसानी से जीत तक पहुंचाया। ग्लैंड के सामने अब सर्दियों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी परीक्षाएं होंगी, जिसके बाद मेलबर्न में एक टेस्ट खेला जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 की जीत ने हालांकि रूट को कप्तानी की शुरुआत में टीम को संभालने और सही दिशा में आगे बढ़ाने का मजबूत आधार दे दिया है।

टीम कृष्णा और नेवी स्टैलियन्स टीम जीती

जयपुर, 12 सितम्बर। जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब में गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी के सेमी फाइनल में रोमांच दोगुना हो गया, क्योंकि दो कड़े मुक़ाबलों से फ़ाइनलिस्ट तय हुए। पहले मुक़ाबले में, टीम कृष्णा ने टीम तोपची अल्टीमेट को 8-3 के स्कोर से हराया; इसमें मेजर एआरएस वारैच की शानदार हैट्रिक और अश्विनी शर्मा के ज़बरदस्त खेल का अहम योगदान रहा। दूसरे सेमी-फ़ाइनल में टीम नेवी स्टैलियन्स ने टीम जेआरपीसी पर दबदबा बनाते हुए 11-5 से जीत हासिल की। इस जीत में लेफ्टिनेंट कर्नल यतिंदर की हैट्रिक और कैप्टन एपी सिंह की मज़बूत मौजूदगी का बड़ा हाथ रहा; कैप्टन सिंह के सटीक पास ने खेल की रफ़्तार बनाए रखी। दोनों मैचों में बेहतरीन कौशल और टीमवर्क देखने को मिला, और कृष्णा व नेवी स्टैलियन्स ने फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिन के सबसे शानदार खिलाड़ी कृष्णा के लिए मेजर एआरएस वारैच और अश्विनी शर्मा, तथा नेवी स्टैलियन्स के लिए कैप्टन एपी सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल यतिंदर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ की बैठक हैदराबाद में आयोजित

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ की बैठक हैदराबाद में 4 सितम्बर, 2026 को आयोजित हुई। बैठक में आईकेएफ कम्पनी के सीनियर डायरेक्टर ज्ञानेश्वर कासानी, बैंकटेश भंडारी व गोविन्द नारायण शर्मा ने भारतीय प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। मीटिंग में अन्य 37 देशो के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी व 23 देशों के पदाधिकारियों ने जूम मीटिंग में लाइव भाग लिया। मीटिंग में उपस्थित होने वाले देशों के नाम अलजीरिया, अंगोला, आस्ट्रेलिया, बेलजियम, ओस्ट्रिया, बुलगारिया, केमरून, कनाडा, केपे वरडे, सेन्ट्रल अफरीकन रिपब्लिक, कोन्गो ब्रजाविले, साइप्रस, सेन्च रिपब्लिक, डेनमार्क, इंजीप्ट, इंग्लेण्ड, फ्रांस, जर्मनी, घाना, आयरलेण्ड, इटली, केन्या, कजास्तिान, मलेशिया, मॉरीशस, मेनमियार, नींदरलैण्ड, नाइजिर, नोर्वे, श्रीलंका, स्विजरलैण्ड, तंजानिया, तुर्कस्मितान, उज्जेबकिस्तान, वेल्स व जिम्बाबे आदि देशों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी के पर्यवेक्षक हुमफेरी क्यांगे (केन्या) थे। आईकेएफ के सीनियर डायरेक्टर ने बताया कि आईकेएफ के पूर्व निदेशक तेजस्वी गहलोत व अध्यक्ष विनोद तिवारी को अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया।

जूनियर महिला एशिया कप : सुप्रिया की हैट्रिक से दक्षिण कोरिया को 5-1 से हराकर भारत फाइनल में

मोकी, चीन, 12 सितंबर। ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ सुप्रिया की शानदार हैट्रिक के दम पर गत चैंपियन भारत ने शनिवार को एएचएफ जूनियर महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और खिताब बचाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया।

भारत की ओर से मधु सिदार ने 13वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद 17वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर सुप्रिया ने सटीक ड्रैग-फ्लिक के जरिए भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारत ने लगातार आक्रामक खेल जारी रखा और 21वें मिनट में सुखवीर कौर ने शानदार फिनिश के साथ टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय रक्षापंक्ति ने दक्षिण कोरिया के प्रयासों को नाकाम रखते हुए तीन गोल की बढ़त कायम रखी।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत ने एक बार फिर दबाव बनाया। 33वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर सुप्रिया ने एक और शानदार ड्रैग-फ्लिक के जरिए अपना दूसरा गोल किया और भारत को 4-0 से आगे कर दिया।

दक्षिण कोरिया ने 41वें मिनट में वापसी की कोशिश की। यूरी जियोंग ने सेट पीस पर गोल कर अंतर 4-1 किया और अपनी टीम की वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत करते हुए कोरियाई टीम को कोई स्पष्ट मौका नहीं दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी आक्रामक रुख बनाए रखा और 56वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। सुप्रिया ने इस मौके को भी गोल में बदलते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और भारत की 5-1 की शानदार जीत सुनिश्चित कर दी। गत चैंपियन भारत अब खिताबी मुकाबले में चीन और जापान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ फाइनल में उतरेगी।

महिला एशिया कप फाइनल : भारत-श्रीलंका के बीच खिताब के लिए होगी रोमांचक जंग

दुबई, 12 सितंबर। महिला टी-20 एशिया कप के फाइनल में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले में स्पिन गेंदबाजी की भूमिका अहम रहने की उम्मीद है। टूर्नामेंट में भारत की स्पिन गेंदबाजों ने अब तक 26 विकेट लिए हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं। श्रीलंका की स्पिन गेंदबाजी 25 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है। ऐसे में रविवार को होने वाला खिताबी मुकाबला स्पिन बनाम स्पिन का दिलचस्प मुकाबला बन सकता है। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि टीम ने टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संतुलित प्रदर्शन किया है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने टीम की बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया है। वहीं, दीप्ति शर्मा की अगुआई में स्पिन आक्रमण ने विपक्षी बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाया है।

दूसरी ओर, धीमी दुबई की पिचों पर श्रीलंका को बल्लेबाजी में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम 33 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहारी ने पारी संभाली और टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका 44 रन पर पांच विकेट गंवा चुका था और समरविक्रमा की संयमित पारी ने टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इंडोनेशिया के खिलाफ लीग मैच में भी टीम 45 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी थी, तब निलाक्षिका सिल्वा ने पारी को संभाला था।

श्रीलंका की शीर्ष बल्लेबाजी में अस्थिरता चिंता का विषय है। चमारी अटापट्टू ने चार पारियों में सिर्फ 63 रन बनाए हैं, जबकि इमेशा दुलानी के नाम चार पारियों में 64 रन हैं। दूसरी ओर, भारत की गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा भी अच्छी फॉर्म में हैं। ऐसे में श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिए भारत के गेंदबाजी आक्रमण से निपटना आसान नहीं होगा। भारत का हालिया रिकॉर्ड भी उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। भारत ने दिसंबर 2025 में घरेलू

मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में क्लीन स्वीप किया था और दोनों टीमों के बीच पिछले 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत ने नौ जीत दर्ज की हैं।

नजरें शेफाली और अटापट्टू पर

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने टूर्नामेंट में तेज शुरुआत को अपनी पहचान बना लिया है। उन्होंने चार मैचों में 169.69 के शानदार स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं। उनकी दो पारियां 64 रन की रही हैं। फाइनल में भारतीय पारी को तेज शुरुआत दिलाने में उनकी भूमिका अहम हो सकती है।

श्रीलंका को शुरुआती झटकों से उबरने में अलग-अलग खिलाड़ियों का योगदान मिला है, लेकिन फाइनल में टीम को अपनी स्टार खिलाड़ी चमारी अटापट्टू से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। अटापट्टू गेंद से प्रभावी रही हैं और टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं, लेकिन बल्ले से उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। चार मैचों में वह केवल एक बार 30 रन का आंकड़ा पार कर सकी हैं। फाइनल में बल्ले से उनका बड़ा योगदान श्रीलंका को भारत के खिलाफ अतिरिक्त मजबूती दे सकता है।

यूएस ओपन : सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने जीता महिला युगल का खिताब

न्यूयॉर्क, 12 सितंबर। शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने शुक्रवार को अमेरिकी वाइल्ड कार्ड जोड़ी एशलिन क्रूगर और रॉबिन मोंटगोमरी को हराकर यूएस ओपन महिला युगल खिताब जीत लिया। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने फाइनल में 5-7, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की और इसके साथ ही टीम के रूप में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। इस जीत के साथ सिनियाकोवा के ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताबों की संख्या 12 हो गई। वह दो अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं, टाउनसेंड महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली मौजूदा खिलाड़ियों में छठी खिलाड़ी बन गईं।

फाइनल में सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने धीमी शुरुआत की और पहला सेट 5-7 से गंवा दिया। हालांकि दूसरे सेट में दोनों ने शानदार वापसी की। शुरुआती गेम में 40-30 से पिछड़ने के बाद उन्होंने अगले 27 में से 23 अंक जीतकर दूसरा सेट 6-0 से अपने नाम किया और मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। ट्रॉफी समारोह में सिनियाकोवा ने कहा, बहुत नर्वस थी, कई फाइनल खेले हैं, लेकिन अंत में हम इसे हासिल करने में सफल रहे। मुझे हमारी लड़ाई और हमारे रिश्ते पर बहुत गर्व है। मेरे साथ बने रहने के लिए धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि यह अंत नहीं है और हम आगे भी और फाइनल खेलने आएंगे। टाउनसेंड ने कहा, एक वयस्क खिलाड़ी के रूप में यहां आकर जीतना, आर्थर ऐश स्टेडियम में खेलना और यह ट्रॉफी उठाना मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि मैं उन चीजों को नहीं भूलती, जिनसे मैं गुजरी हूं।

यूएई में 3 से शुरू होगा डब्ल्यूसीएल

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लेजेंड्स का तीसरा सीज़न 3 अक्टूबर को यूएई में शुरू होगा। इसमें युवराज सिंह, शाहिद अफ़रीदी, क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर जैसे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी वापसी करेंगे और पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक महीने तक चलने वाले हाई-प्रोफ़ाइल मुक़ाबलों में हिस्सा लेंगे।

यूएस ओपन फाइनल में सबालेंका को रोकने के लिए राइबाकिना की रणनीति तैयार

न्यूयॉर्क, 12 सितंबर। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना को अच्छी तरह पता है कि अगर उन्हें विश्व नंबर-1 बेलारूस की आर्यना सबालेंका को लगातार तीसरी बार यूएस ओपन खिताब जीतने से रोकना है, तो उन्हें किस रणनीति के साथ उतरना होगा।इसलिए वह आक्रामक खेल के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखने और सबालेंका को अंक पर हावी होने से रोकने की कोशिश करेंगी।

यूएस ओपन 2026 महिला एकल के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की गत चैंपियन सबालेंका का सामना करने से पहले राइबाकिना ने एक साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि वही जज्बा बनाए रखना होगा। उस दिन मैं जैसा भी महसूस करूं, मुझे लड़ना होगा और अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। हम एक-दूसरे को काफी अच्छी

तरह जानते हैं और कई बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं। महत्वपूर्ण मौकों पर आक्रामक रहने की कोशिश करूंगी, उन्हें अंक पर नियंत्रण बनाने का इंतजार नहीं करूंगी और रैलियों में खुद को हावी रखने की कोशिश करूंगी।

आर्थर ऐश स्टेडियम में दोनों के बीच फाइनल मुकाबला रविवार, 13 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा। मुकाबले का सीधा प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर होगा। यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 18वीं भिड़ंत होगी। अभी सबालेंका आमने-सामने के मुकाबलों में 10-7 से आगे हैं। यह 13 साल में पहली बार होगा, जब यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आमने-सामने होंगी।

सबालेंका की नजर अपने करियर के पांचवें ग्रैंड स्लैम खिताब और लगातार तीसरे यूएस ओपन खिताब पर है। उन्होंने कहा, मैं 100 प्रतिशत निश्चित नहीं थी कि मैं यह टूर्नामेंट खेल भी पाऊंगी या नहीं। शुरुआती कुछ मैचों में मैं अपने पैर और इस बात को लेकर सोच रही थी कि वह कैसी प्रतिक्रिया देगा। शुरुआती मुकाबलों में मैं सहज नहीं थी। इसके बाद धीरे-धीरे मेरा ध्यान इस बात पर गया कि कोर्ट पर मैं क्या गलत कर रही हूं और मुझे किन चीजों में सुधार करना है। इस तरह धीरे-धीरे मैंने अपनी लय हासिल की।

डुप्लांटिस ने करासिल को पछाड़कर पोल वॉल्ट का खिताब जीता

बुडापेस्ट, 12 सितंबर। विश्व और ओलंपिक चैंपियन आर्मंड 'मोंडो' डुप्लांटिस ने शुक्रवार को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पोल वॉल्ट का खिताब अपने नाम किया। डुप्लांटिस ने 6.20 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर ग्रीस के अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी इमैनुअल करालिस को पीछे छोड़ा। अमेरिका में जन्मे स्वीडिश खिलाड़ी डुप्लांटिस चोट की चिंता के बीच हंगरी पहुंचे थे। पैर में खिंचाव दोबारा उभरने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर ब्रसेल्स डायमंड लीग फाइनल से नाम वापस ले लिया था। उनकी अनुपस्थिति में करालिस ने वहां खिताब जीता था।

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ट्वंटी-20 में संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी के चयन पर फंसा पेंच

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में भारत के सामने दुविधा होगी कि 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी को उतारा जाये या संजू सैमसन के अनुभव पर भरोसा किया जाये। सूर्यवंशी को इंग्लैंड में सैमसन की जगह अंतिम एकादश में जगह दी गई थी लेकिन श्रृंखला के आखिरी मैच में 15 वर्ष के सूर्यवंशी की जगह सैमसन को उतारा गया। टी20 प्रारूप में सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी कामयाब रही है।

उम्मीद है कि कोच गौतम गंभीर और कप्तान श्रेयस अय्यर जापान में होने वाले एशियाई खेलों की अंतिम एकादश तय

करने से पहले सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को बराबर मौके देंगे। शुक्रवार की शम को अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यवंशी की तुलना में सैमसन अधिक संतुलित नजर आये। सूर्यवंशी को जसप्रीत बुमराह की गेंदों पर सहज होकर खेलने में समय लगा क्योंकि पिच से भी बुमराह की गेंदों को मदद मिल रही थी।

यह भी हो सकता है कि लगातार लाल गेंद के तीन मैच खेलने के बाद सूर्यवंशी को सामंजस्य बिठाने में समय लग रहा हो। वैसे अफगानिस्तान के पास बुमराह जैसा कोई गेंदबाज नहीं है। अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने सूर्यवंशी को फुटवर्क का इस्तेमाल नहीं करने पर भी दिक्कत नहीं आयेगी।

सैमसन की बात करें तो तीन पारियों में नाकामी के बाद उन्हें इंग्लैंड दौरे से बाहर करना ज्यादती था। लेकिन सूर्यवंशी को लेकर हाइप इतनी बढ गई थी कि टीम प्रबंधन ने जनता की मांग पर फैसला लिया भले ही बार बार वे कहते हों कि बाहरी आवाज का असर नहीं होता। अगर ईशान किशन नहीं खेल पाते हैं तो सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को मौका मिल सकता है।

राज्य स्तरीय अंडर-16 प्रतियोगिता में आयुष, आर्यन, प्रशांत के शतक

जयपुर, 12 सितम्बर। अलवर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, जोधपुर, करौली, हनुमानगढ़, टोंक, सीकर, भरतपुर, धौलपुर जीते), आयुष रविंद्र, आर्यन बघेल, प्रशांत चाहर, आर्यन सिंह के शतक, प्रणव वर्मा, अवि सुवालका, सुमित चौधरी, अमन तुरपानी के पांच विकेट। चूरू -अलवर मैच (अलवर जीती), बारां - बाड़मेर मैच (बाड़मेर जीती), पाली - भीलवाड़ा मैच (भीलवाड़ा जीती), अजमेर - जोधपुर मैच (जोधपुर जीती), जैसलमेर - करौली (करौली जीती), चित्तोड़ - हनुमानगढ़ मैच (हनुमानगढ़ जीती), टोंक - दौसा मैच (टोंक वीजेडी मेथड से जीती), सीकर - बांसवाड़ा (सीकर जीती), धौलपुर - डूंगरपुर मैच (धौलपुर जीती), भरतपुर - जालोर मैच (भरतपुर जीती)।

ईशान किशन की चोट से बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन, बीच में छोड़ना पड़ा अभ्यास

नई दिल्ली, 12 सितम्बर। अफ़गानिस्तान के ख़िलाफ़ सीरीज़ से पहले भारत के लिए एक चिंता की बात सामने आई है। दिल्ली में प्रैक्टिस सेशन के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ईशान किशन की पीठ में चोट लग गई, जिससे रविवार को होने वाले सीरीज़ के पहले मैच में उनके खेलने पर सवाल उठने लगे हैं। किशन को यह चोट नेट्स में नवदीप सैनी का सामना करते समय लगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने नेट बॉलर के तौर पर गेंदबाज़ी कर रहे भारतीय तेज़ गेंदबाज़ की बाउंसर से बचने के लिए झुकने की कोशिश की, लेकिन तुरंत ही उन्हें तकलीफ़ महसूस हुई और उन्हें टीम के फ़िज़ियोथेरेपिस्ट की मदद लेनी पड़ी। यह घटना किशन के लगभग 45 मिनट के बैटिंग सेशन के आखिर में हुई। इसके बाद वह बैटिंग करने नहीं लौटे, हालांकि शुरुआती संकेतों से 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले पहले 20 से पहले भारत को कुछ उम्मीद बंधी। खबरों के मुताबिक, इलाज के बाद किशन बिना किसी मदद के चल पा रहे थे। उन्होंने कुछ समय अपने साथियों के साथ आइस बॉक्स पर बैठकर बिताया और फिर खुद ही मैदान से बाहर चले गए। सेशन के बाद उन्हें सैनी से थोड़ी बातचीत करते हुए भी देखा गया, और उपलब्ध तस्वीरों से लगता है कि समस्या शायद गंभीर नहीं है।

नाइट पोलो का क्रेज बरकरार

जयपुर टीम ने जीता आरपीसी कप का खिताब

जयपुर, 12 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत शनिवार को आरपीसी कप- (4 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। राजस्थान पोलो क्लब में दर्शकों की भारी संख्या के बीच नाईट पोलो का क्रेज बरकरार नज़र आया। टीम जयपुर और टीम ऑल स्टार्स के बीच खेले गए इस खिताबी मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबले में टीम जयपुर 8 - 5.5 के स्कोर से टीम ऑल स्टार्स को शिकस्त देकर विजयी हुई। विजेता टीम जयपुर को मुख्य अतिथि आशिमा मल्होत्रा ने ट्रॉफी प्रदान की। टीम जयपुर की ओर से पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल दागे। कुलदीप सिंह राठौड़ और अक्षय मलिक ने 1-1 गोल हासिल किया। टीम से रुशिल नरूला भी मैदान में उतरे। वहीं, टीम ऑल स्टार्स से जुआन जोस अल्बर्डी ने 4 गोल और डीनो धनखड़ ने 1 गोल किया। टीम में अशोक चांदना और डॉ. शिवांगी सिंह भी शामिल रहीं। यहां टीम ऑल स्टार्स को आधे गोल का एडवांटेज भी प्राप्त हुआ।

राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन सब-जूनियर वर्ग के मुकाबले शुरू

श्रीगंगानगर, 12 सितंबर। राजस्थान तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर में आयोजित जूनियर एवं सब-जूनियर छात्र-छात्रा राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता-2026 के तीसरे दिन शनिवार को सब-जूनियर वर्ग के मुकाबले शुरू हुए। एच.डी. बिहाणी कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में नन्हे तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सटीक निशानों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सब-जूनियर वर्ग के क्वालीफिकेशन राउंड के साथ टीम इवेंट एवं मिक्स्ड टीम इवेंट के मुकाबले भी आयोजित किए गए।

राजस्थान क्रिकेट संघ की आगामी घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित कराने की मांग

श्रीगंगानगर, 12 सितंबर। जिला क्रिकेट संघ, श्रीगंगानगर द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के प्रशासक से राजस्थान की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित कराने की मांग की गई है।

जिला क्रिकेट संघ द्वारा 11 सितंबर 2026 को राजस्थान क्रिकेट संघ के प्रशासक को भेजे गए प्रतिनिधित्व में बताया गया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-23 पुरुष एवं अंडर-19 महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन राजस्थान क्रिकेट संघ के 29 सितंबर 2026 को प्रस्तावित चुनाव के बाद कराने का निर्णय लिया गया है। प्रतिनिधित्व में बताया गया कि बीसीसीआई के क्रिकेट कैलेंडर के अनुसार अंडर-23 पुरुष वर्ग की कर्नल सी.के. नायडू प्रतियोगिता में राजस्थान का पहला मुकाबला 12 अक्टूबर 2026 को मोहाली में प्रस्तावित है तथा टीम को 9 अक्टूबर को जयपुर से रवाना होना है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन में लगभग 10 से 12 दिन का समय लगता है, जिसके बाद प्रशिक्षण आदि के उपरांत राज्य की टीम का चयन किया जाता है। ऐसे में यदि प्रतियोगिता का आयोजन आरसीए चुनाव तक स्थगित किया जाता है तो निर्धारित समय में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कर टीम का चयन करना लगभग असंभव हो जाएगा।

इसी प्रकार अंडर-19 महिला टी-20 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 9 अक्टूबर 2026 से चंडीगढ़ में प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीम को 6 अक्टूबर 2026 को वेन्यू पर पहुंचना है। ऐसे में आरसीए चुनाव के बाद टीम का चयन करना भी व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होगा।

जिला क्रिकेट संघ ने अपने प्रतिनिधित्व में यह भी कहा है कि आरसीए के चुनाव एक निर्धारित प्रक्रिया है, जो प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित होते हैं। पूर्व में भी आरसीए चुनाव के दौरान राजस्थान की क्रिकेट गतिविधियों को रोका नहीं गया है। साथ ही प्रत्येक जिला क्रिकेट संघ में टीम चयन के लिए कोच, चयनकर्ता एवं अन्य पदाधिकारियों की व्यवस्था रहती है, जो सचिव की अनुपस्थिति में भी चयन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित कर सकते हैं।

सीकर को हरा जयपुर बना राज्य स्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर शील्ड चैम्पियन, जयपुर की जीत में अभय, प्रखर चमके

जयपुर, 12 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर शील्ड प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेले गए फाइनल मैच में जयपुर के कप्तान अभय शर्मा व आल राउंडरप्रखर शर्मा के शानदार खेल की सहायता से जयपुर ने सीकर को 4 विकेट से हरा प्रतियोगिता की चैंपियन बनी । जयपुर - सीकर फाइनल मैच (जयपुर 4 विकेट से जीती), सीकर पारी 209 आल आउट। टीम के लिए दर्शन पचार 87, देवांश सिंह 50 रन। जयपुर के गेंदबाज प्रखर शर्मा 48 /5, अविनाश यादव

27 2 व प्रतीक चौधरी 38 /2 विकेट। जयपुर पारी 212 /6, जयपुर ने अभय शर्मा के शानदार अर्धशतक, शिफॉन खान व प्रखर शर्मा की साहसीपारियोंकी सहायता से टीम को जीत दिलाई, लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुर ने शानदार शुरुआत के बाद एक समय 84 रन पर 5 विकेट खो दिए थे, छटे विकेट के लिए कप्तान अभय शर्मा व आल राउंडरप्रखर शर्मा ने शानदार 97 रनोकी साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुँचाया। जयपुर के बल्लेबाज अभय शर्मा नाबाद 69, शिफ